हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 5 मई 2025

11 हरियाणा की पौने 3 करोड़ जनता को मिलना चाहिए हिस्से का पानी...



12 बर्फ फैक्ट्री व सर्विस स्टेशनों पर पानी का दुरुपयोग करने पर...



# मोहिनी एकादशी 8 को, विष्णु-लक्ष्मी की अराधना से मिलेगी सुख-समृद्धि

■ मोहिनी एकादशी का व्रत वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को रखा जाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

सनातन धर्म में एकादशी तिथि बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। वैसे तो साल में 24 एकादशी तिथि का व्रत रखा जाता है। प्रत्येक एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित होती है। मोहिनी एकादशी का व्रत वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को रखा जाता है। इस व्रत के बारे में पद्म पुराण में बताया गया है कि इस व्रत को करने से व्रती को इस जन्म के साथ ही पूर्व जन्म के पापों से भी मुक्ति मिलती है। यह व्रत इस वर्ष आठ मई को रखा जाएगा। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार वैशाख शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 7 मई को सुबह 10:19 पर शुरू होकर अगले दिन 8 मई को दोपहर 12:29 पर समाप्त होगी। इसलिए मोहिनी एकादशी का व्रत 8 मई को रखा जाएगा, जिसका मुहूर्त सुबह 5:34 से लेकर 8:16 तक रहेगा। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार एकादशी तिथि के दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा आराधना करने के साथ गरीब जरूरतमंद लोगों को दान भी करना चाहिए। ऐसा करने से जीवन में चल रही तमाम तरह की परेशानियों से मुक्ति मिलती है।

साथ ही भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इसलिए व्रती को एकादशी तिथि के दिन शुभ ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर भगवान विष्णु के निमित्त व्रत का संकल्प लेना चाहिए और विधि विधान पूर्वक पूजा आराधना करना चाहिए।

### व्रत में पूजा विधि



पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि मोहिनी एकादशी के दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करना चाहिए। मंदिर को गंगाजल से पवित्र करने के बाद एक चौकी पर पीला कपड़ा डालकर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की प्रतिमा को स्थापित करें। विधि विधान पूर्वक पूजा आराधना करें और दीपक अर्पित विष्णु चालीसा का पाठ करें। साथ ही श्री हरि मंत्र का जाप करना चाहिए।

### मोह माया से मिलेगी मुक्ति

पंडित सोनू शर्मा के अनुसार मोहिनी एकादशी व्रत की कथा एक पौराणिक कथा है, जो भगवान विष्णु के मोहिनी रूप के बारे में बताती है। यह कथा बताती है कि समुद्र मंथन के दौरान देवताओं और असुरों के बीच अमृत को लेकर संघर्ष हुआ था, तब भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण किया और असुरों को अपने सौंदर्य से मोहित कर लिया था। जिससे देवताओं को अमृत मिल गया। इस व्रत के प्रभाव से व्यक्ति मोह माया से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त करता है। मोहिनी एकादशी व्रत का महत्व यह व्रत सभी प्रकार के मोह माया से मुक्ति दिलाता है। यह व्रत सभी पापों का नाश करता है और मोक्ष प्रदान करता है। इस व्रत को करने से व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है।

# ट्यूबवेल खराब होने से पानी सप्लाई बाधित, लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

■ बोले, पानी किल्लत के कारण घर बेचने को मजबूर

शहर के वार्ड नंबर 10 में लगा ट्यूबवेल खराब होने बाद लोगों की समस्या बढ़ी हुई है। कीर्तिनगर सहित आसपास के क्षेत्र में पानी की सप्लाई न होने के कारण लोगों में रोष है। अधिकारियों का कहना है कि ट्यूबवेल बैठने के बाद कॉलोनी के नजदीकी ट्यूबवेल से कनेक्शन किया जा रहा है ताकि लोगों को राहत मिल सके। जबकि नया ट्यूबवेल लगाने के लिए एस्टीमेट भेजा गया है। वार्ड नंबर 10 निवासी रोहताश कुमार, नरेश सिंह, प्रदीप सिंह ने कहा कि क्षेत्र में उन्हें लंबे समय से परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसके कारण वह मकान बेचने को भी मजबूर हो रहे हैं। अब तीन दिन से पानी की समस्या होने के कारण वह नहाए तक नहीं है। पीने के लिए खुद के स्तर पर टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने नशा सप्लायर को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एसपी सिद्धांत जैन द्वारा नशा तस्करों के साथ सप्लायरों की धरपकड़ को लेकर दिए गए निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए भट्टूकलां पुलिस ने राजस्थान के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान महेन्द्र पुत्र लेखराम निवासी जसाना जिला हनुमानगढ़, राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। थाना भट्टूकलां प्रभारी एसआई राधेश्याम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 1 मई को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

### नाबालिग बेटी से रेप का आरोपी पिता गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद में जाखल क्षेत्र के अपनी 13 साल की बेटी के साथ रेप करने के मामले में कार्रवाई करते हुए जाखल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान जसबीर सिंह के रूप में हुई है। इस बारे जाखल पुलिस ने 2 मई को केस दर्ज किया था। जानकारी के अनुसार पीड़िता की मां पिछले 15 दिनों से अपने मायके गई हुई थी। इस दौरान घर दौरान पिता ने बेटी के साथ रेप किया।

### सड़क हादसे में आरोपी चालक काबू

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां पुलिस ने गांव बनमंदौरी के पास एक मोटरसाइकिल में टक्कर मारने के मामले में कार्रवाई करते हुए कार चालक को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सतबीर पुत्र जयकिशन निवासी ढाबी कलां के रूप में हुई है। थाना भट्टूकलां प्रभारी एसआई राधेश्याम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 26 अप्रैल को गांव पीलीमंदौरी निवासी संदीप कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### चोरीशुदा मोबाइल सहित आरोपी को पकड़ा

**कालांवाली।** पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपी गुरजीवन सिंह निवासी जगमालवाली को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से चोरीशुदा मोबाइल बरामद किया है। कालांवाली चौकी प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि बीती 3 मई को सतीश कुमार निवासी मंडी कालांवाली की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि वह दुकान से नामालूम युवक काउंटर से उसका मोबाइल चुरा कर ले गया। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए आज आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### हेरोइन सहित दो युवकों को किया काबू

**डबवाली।** गोरीवाला चौकी पुलिस ने गांव चौटाला से 5.80 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी मोनू निवासी कालुआना व असल सप्लायर मनीराम निवासी खारा खेड़ा तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़ राजस्थान को गिरफ्तार किया है। एएसआई जयबीर ने बताया पुलिस पार्टी अनाज मंडी कालुआना गश्त पर मौजूद थी। गुप्त सूचना मिलने पर आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से उक्त हैरोइन पकड़ी गई।

## फतेहाबाद मंडी का बुरा हाल, खुले आसमान के नीचे पड़ी गेहूं की लाखों बोरियां

# कछुआ चाल उठान, वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते 7 तक बरसात की संभावना

### 2 मई को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण बारिश होने से जिले में करीब 2 लाख टन गेहूं भीगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

मिसमैनेजमेंट कहें या सरकारी बाबूओं की फेलियर मौसम विभाग द्वारा 7 मई तक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बरसात व धूल भरी आंधी चलने की संभावना के बावजूद भी खरीद एजेंसियों ने ठेकेदारों के सामने गेहूं उठाने को लेकर घुटने टेक दिए हैं। रविवार तक फतेहाबाद में 6 लाख 8 हजार 576 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। इनमें से 4 लाख 66 हजार 225 एमटी गेहूं की ही लिफ्टिंग हुई है, बाकी 1 लाख 18 हजार 220 एमटी गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा है। बता दें कि बीते वर्ष आज के दिन तक 6 लाख 35 हजार 547 एमटी गेहूं की आवक हुई थी। इस बार करीब 27 हजारएमटी गेहूं की खरीद कम हुई है। मौसम विभाग ने 7 मई तकपश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम बिगडऩे की संभावना जताई है। ऐसे में गेहूं का उठान तेज न हुआ तो किसान व आढ़ती दोनों को इसकी मार पड़ेगी। बताया जा रहा है कि ठेकेदारों के पास ट्रकों की किल्लत के चलते उठान नहीं हो पा रहा। व्यापार मंडल अनाज मण्डी ने धीमी गति से हो रही लिफ्टिंग पर चिंता जताई है। जिले में गेहूं खरीद के लिए कुल 52 खरीद केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 7 मण्डियां व 45 खरीद केन्द्र हैं। खाद्य एवं पूर्ति विभाग के अनुसार सभी खरीद केन्द्रों पर गेहूं की खरीद जारी है। प्रदेश सरकार 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू कर देती है लेकिन इस बार मौसम के ठंडा रहने से फतेहाबाद में 14 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू हो पाई। 2 मई को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण धूल भरी आंधी व बारिश होने से जिले में करीब 2 लाख टन गेहूं भीग गई थी। इसके बाद मौसम विभाग ने फिर 7 मई तक पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम खराब होने की संभावना जताई है।



**फतेहाबाद।** गेहूं की ढेरियां से अटी नई अनाज मण्डी। *फोटो: हरिभूमि*

### पिछले 5 सालों में हुई गेहूं खरीद

| वर्ष | कुल खरीद |
| --- | --- |
| 2020-21 | 7,12,551 एमटी |
| 2021-22 | 6,94,461 एमटी |
| 2022-23 | 4,29,641 एमटी |
| 2023-24 | 6,14,656 एमटी |
| 2024-25 | 7,01,641 एमटी |

### बारिश आई तो भीगेंगी 5 लाख बोरियां

फतेहाबाद की अनाज मण्डी में व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भादू व आढ़ती गेहूं के उठान को लेकर आला अधिकारियों से मिल चुके हैं लेकिन खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को इसका लैश मात्र भी असर नहीं। व्यापार मंडल के पदाधिकारी तो सांसद बराला से लेकर एसीएस, डीसी, एसडीएम तक गुहार लगा चुके हैं लेकिन मण्डियों से उठान नहीं हो रहा। बताया गया है कि जिन ठेकेदारों को खरीद एजेंसियों ने गेहूं की लेबर व उठान का टेंडर दे रखा हैं, उनके पास पर्याप्त मात्रा में ट्रक ही नहीं है। हालात यह है कि 7 मई तक 3 डब्ल्यूडी प्रभावी होने हैं। मौसम विभाग ने तेज बारिश की संभावना जता रखी है और फतेहाबाद की नई अनाज मण्डी में करीब 5 लाख बोरियां गेहूं से भरी पड़ी हैं। फतेहाबाद की मण्डी में हैफेड ने अब तक 6 लाख 82 हजार बोरियों की खरीद की जिसमें उठान मात्र 4 लाख 80 हजार का किया। वेयर हाऊस ने 5 लाख 9 हजार बोरियों की खरीद की जिसमें से 3 लाख का ही उठान किया। डीएफएससी ने 6 लाख 70 हजार बोरियां खरीदी जिसमें से 3 लाख 50 हजार बोरियों का उठान किया। शेष 5 लाख बोरियां खुले आसमान के नीचे पड़ी हैं।

### किसान बदलते मौसम का रखें ध्यान

उत्तर-पूर्वी व दक्षिण पूर्वी हवाओं के चलने से पिछले दो दिनों से तापमान में गिरावट देखने को मिली है। वातावरण में नमी बढ़ी है और तापमान सामान्य के आसपास आ गया है। हालांकि रात्रि तापमान में जरूर बढ़ोतरी हुई है। दो दिनों पहले रात का तापमन 25 से 27 डिग्री के आसपास था जोकि सामान्य से 4 से 5 डिग्री ज्यादा था। 2 मई से 7 मई तक तीन पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होंगे जिससे प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में हलकी बूंदाबांदी, बारिश व आंधी की संभावना है। 2 व 3 मई को प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। 4 व 5 मई को पश्चिमी विक्षोभ ज्यादा प्रभावी रहेगा। प्रदेश में कहीं-कहीं तेज बारिश हो सकती है। 6 व 7 मई को एक ओर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। किसानों को चाहिए कि बदलते मौसम का ध्यान रखें। फसलों की बिजाई मौसम ठीक होने तक रोक दें।

-डॉ. एमएल खिचड़, एचएयू मौसम विभाग हिसार

### हरियाणा वेयर हाऊस ने किया सबसे कम उठान

जिला में अब तक 41 हजार 659 किसानों की विभिन्न एजेंसियों द्वारा 6 लाख 8 हजार 576 मीट्रिक टन गेहूं फसल की खरीद की गई है जिसमें से फूड सप्लाई ने 5809 किसानों की 89605 मीट्रिक टन, हैफेड ने 16631 किसानों की 2 लाख 88 हजार 751 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 16022 किसानों की 209657 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 3197 किसानों की 20562 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में गेहूं फसल का उठान कार्य धीमी गति से जारी है। जिला में अब 4 लाख 66 हजार 225 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है।



**भूना।** मार्केटिंग बोर्ड के पूर्व डायरेक्टर जत्थेदार प्रताप सिंह के अंतिम भोग की अरदास में शामिल गणमान्य नागरिक। *फोटो: हरिभूमि*

# जत्थेदार प्रताप सिंह की अंतिम विदाई पर उमड़ा जनसैलाब

■ समाज सेवा और धार्मिक कार्यों में लगन ने विशेष सम्मान दिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

गांव केरों से भूना को अपनी कर्मभूमि बनाने वाले हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के पूर्व डायरेक्टर जत्थेदार प्रताप सिंह के अंतिम भोग की अरदास रविवार को गुरुद्वारा सिंह सभा भूना में हुई। 82 वर्षीय जत्थेदार प्रताप सिंह के निधन पर समाज के विभिन्न वर्गों से भारी संख्या में लोग पहुंचे। सभी ने उनके बेटों पूर्व जिला पार्षद व इनेलो नेता बलविंद्र सिंह केरों और परमजीत सिंह केरों के साथ दुख साझा किया। दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। जत्थेदार प्रताप सिंह का जन्म 1943 में संयुक्त पंजाब के गांव केरों में हुआ। वर्ष 1957 में वह परिवार सहित भूना आ गए। यहां उन्होंने किसान के रूप में संघर्षपूर्ण जीवन शुरू किया। सामाजिक और धार्मिक रुझान के कारण उन्हें गांव में विशेष पहचान मिली। वर्ष 1975 में उन्होंने बुढ़ा दल के बाबा संता सिंह के विचारों से प्रभावित होकर अमृतपान किया। इसके बाद हरियाणा प्रांत के जत्थेदार के रूप में सेवा की। समाज सेवा और धार्मिक कार्यों में उनकी लगन ने उन्हें विशेष सम्मान दिलाया। आपातकाल के समय उन्होंने सरकारी दमन और नसबंदी जैसे कार्यक्रमों का खुलकर विरोध किया।

### देवीलाल से प्रेरित होकर की थी राजनीति की शुरूआत

जत्थेदार प्रताप सिंह ने राजनीति में शुरुआत चौधरी देवीलाल से प्रेरित होकर की। देवीलाल के विचारों से प्रभावित होकर उन्होंने इनेलो पार्टी से जुड़ाव किया। वह हल्का उपाध्यक्ष से लेकर प्रदेश स्तर तक कई पदों पर रहे। वर्ष 2000 में इनेलो सरकार के दौरान उन्हें हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड का डायरेक्टर नियुक्त किया गया। इस दौरान उन्होंने किसानों और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाई। वह किसानों के सच्चे हितैषी थे। अंतिम भोग की अरदास में पूर्व वित्त मंत्री प्रो. संपत सिंह, विधायक बलवान सिंह, सुनैना चौटाला,पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी, पूर्व विधायक ढुड़ाराम, प्रहलाद सिंह आदि मौजूद रहे।

# सांसद ने किया रेलवे अंडर ब्रिज कार्य का निरीक्षण

■ अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रविवार को जाखल में निर्माणाधीन रेलवे अंडर ब्रिज कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि यह अंडर ब्रिज जाखल क्षेत्र के लोगों के लिए यातायात की सुविधा बढ़ाने में महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जाखल अंडर ब्रिज का निर्माण लंबे समय से क्षेत्र की एक बड़ी मांग रही है, जिसे अब साकार किया जा रहा है। यह अंडर ब्रिज ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करेगा और आमजन को सुरक्षित और निर्बाध आवागमन का लाभ मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि अंडर ब्रिज कार्य को गुणवत्तापूर्ण तय समय में पूरा करना सुनिश्चित करें। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति पर काम कर रही है। सड़क मार्ग, रेलवे और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को सशक्त करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। हर क्षेत्र, चाहे वह ग्रामीण हो या शहरी, अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान वेद जांगड़ा, लाली चूहड़पुर, सरदारी लाल, अरुण गुप्ता, महेश शर्मा, आशीष गर्ग, जगसीर नायक, संदीप साधनवास सहित ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** जाखल में निर्माणाधीन रेलवे अंडर ब्रिज कार्य का निरीक्षण करते सांसद सुभाष बराला। *फोटो: हरिभूमि*

# पुलिसकर्मियों ने की साफ-सफाई

■ एसपी के मार्गदर्शन पर पुलिस ने चलाया श्रमदान अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन के मार्गदर्शन में फतेहाबाद पुलिस जहां अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने में कामयाब साबित हुई है, वहीं समाज की मुख्य धारा में चलते हुए श्रमदान का महत्व भी बता रही है। श्रमदान अभियान को आगे बढ़ाते हुए रविवार को फतेहाबाद पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने थाना, चौकियों व विभिन्न शाखाओं में साफ-सफाई की। इसमें सभी प्रभारियों व कर्मचारियों ने तन-मन से भाग लिया और श्रमदान के महत्व को समझा। एसपी सिद्धान्त जैन ने श्रमदान के महत्व बारे कहा कि श्रमदान की अवधारणा भारत में लंबे समय से प्रचलित है। श्रमदान श्रम की गरिमा से भी जुड़ा है और इससे भी गहरा दावा है कि सभी श्रम समान रूप से सामाजिक रूप से आवश्यक है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि केवल स्वच्छता ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि समान दर्जे पर आधारित सामाजिक व्यवस्था ही श्रमदान का सार है।





**फतेहाबाद।** श्रमदान अभियान के तहत साफ-सफाई में जुटे पुलिस कर्मचारी।

# बढ़ते जल संकट को लेकर हस्तक्षेप करे केंद्र: सैलजा

■ प्रदेश में जलसंकट पर जताई गंभीर चिंता, जलशक्ति मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार से हरियाणा में बढ़ते जल संकट को लेकर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। साथ ही भाखड़ा बांध से हरियाणा को मिलने वाले जल में हो रही कटौती पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। सांसद ने सुझाव दिया है कि हरियाणा को मिलने वाले जल हिस्से में न्यूनतम 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए, ताकि राज्य की बढ़ती जनसंख्या, सिंचाई योग्य भूमि और औद्योगिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर. पाटिल को पत्र लिखकर प्रदेश में बढ़ रहे जल संकट को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि पानी देने में पंजाब मनमानी कर रहा है जबकि हरियाणा में जल संकट काफी गंभीर बना हुआ है। इस जल संकट को लेकर केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग करते हुए सैलला ने कहा है कि जल समझौते के अनुसार भाखड़ा बांध से हरियाणा पानी दिलाया जाए। सैलजा ने पत्र में लिखा है कि भाखड़ा बांध के तहत हरियाणा को 9500 क्यूसेक जल मिलने का अधिकार है।

## साइबर ठगी की वारदातों से बचाव के लिए पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

# अनजान नंबर से वीडियो कॉल आएं तो हो जाएं सावधान

■ साइबर ठग रोजाना अपना रहे ठगी के नए-नए तरीके

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

साइबर ठगी की वारदातों से बचाने के लिए पुलिस द्वारासमय-समय पर जनहित में एडवाइजरी जारी कर लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। एसपी सिद्धांत जैन ने आमजन से अपील है की जागरूक व सतर्क होकर साइबर ठगी की वारदातों से बचे। अंजान नंबर से आया वीडियो कॉल आप पर भारी पड़ सकता है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि तकनीक के इस युग में हर कोई इंटरनेट की दुनिया में साइबर अपराधी ठगी के नए-नए तरीके अपना कर लोगों के साथ ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। साइबर फ्रॉड करने वालों ने लोगों को ब्लैकमेल करने का नया तरीका अपना लिया है। साइबर अपराधी पहले अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल करते हैं। जिस नंबर से कॉल आता है, उसे अटेंड करने पर सामने न्यूड वीडियो चल रही होती है। कॉल रिसीव करते ही साइबर अपराधी न अपने मोबाइल फोन का स्क्रीन शॉट्स ले लेते हैं। पुलिस अधीक्षक ने आमजन को इस प्रकार की साइबर ठगी से बचने की सलाह देते हुए कहा कि अगर किसी व्यक्ति के पास अज्ञात नंबर से किसी भी तरीके से वीडियो कॉल आता है, तो वह उसे अटेंड ना करें। अगर अटेंड कर भी ले तो पहले उसमें अपना चेहरा ना दिखाए। पहले सामने वाले को चेहरा देखे कोई परिचित है तोअपना चेहरा दिखाओ नहीं तो फोन काट दें।



एसपी सिद्धांत जैन।

### यह सावधानियां अपनाएं

- ⏭ सोशल मीडिया अकाउंट के प्रोफाइल को हमेशा लॉक रखें व अपने फेसबुक प्रोफाइल पर प्राइवेसी सेटिंग लगा के रखें।
- ⏭ अंजान नम्बर से आई वीडियो कॉल को रिसीव ना करें। अगर कॉल रिसीवकर ली गई है तो मोबाइल का कैमरा फ्रंट की बजाय रियल मोड पर कर दें।
- ⏭ सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम या अन्य अकाउंट में किसी अनजान लडक़ीकी भेजी हुई फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार ना करें।
- ⏭ अगर आपकी वीडियो यूट्यूब पर अपलोड कर दी गई है तो उसकी रिपोर्ट कर दें, ऐसा करने से यूट्यूब उस वीडियो को यूट्यूब से हटा देगी।
- ⏭ किसी भी अजनबी को अपने प्रोफाइल के बारे में पूरी जानकारी ना दें। अपनी पहचान या कोई एड्रेस भी ना दें और ना ही अपना पर्सनलमोबाइल नंबर शेयर करें।



## ब्रह्म सरोवर

कुरुक्षेत्र जिले के थानेसर में स्थित ब्रह्म सरोवर एक प्राचीन और पवित्र सरोवर है। यह सरोवर हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, भगवान ब्रह्मा ने इसी भूमि से ब्रह्मांड की रचना की थी। सूर्यग्रहण के अवसर पर यहां विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर लाखों लोग ब्रह्मसरोवर में स्नान करते हैं। कई एकड़ में फैला हुआ यह तीर्थ वर्तमान में बहुत सुन्दर एवं सुसज्जित बना दिया गया है।

# पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का तीर्थ है फल्गु

**कुरूक्षेत्र के सात वनों में प्रसिद्ध फलकीवन में ही फल्गु तीर्थ सुशोभित है। हरियाणा प्रदेश के कैथल जिले के गांव फरल में स्थित यह तीर्थ स्थान कैथल से 25 किलोमीटर, कुरूक्षेत्र से 27 और पेहवा से 20 किलोमीटर ढाण्ड-पूण्डरी मार्ग पर लगभग दोनों के मध्य स्थित है। फल्गु तीर्थ के कारण ही गांव का नाम भी फरल पड़ा। इस तीर्थ का वर्णन महाभारत, वामन पुराण मत्स्य पुराण तथा नारद पुराण में उपलब्ध होता है।**

धर्मस्थल

दिनेश शर्मा 'दिनेश'





श्री फल्क ऋषि मंदिर



फरल में स्थित फल्गु तीर्थ

संसार के जिन स्थानों पर सबसे पहले मानव सभ्यता का विकास हुआ, उनमें कुरूक्षेत्र का नाम अग्रगण्य है। सरस्वती एवं दृषद्वती जैसी पवित्र नदियों की इस धरा पर वैदिक सभ्यता का उद्भव हुआ। भारतीय धर्म, दर्शन, कला, साहित्य आदि के विकास में प्रथम सृजन यहीं हुआ।

कृष्ण यजुर्वेद की मैत्रायणी शाखा में कुरूक्षेत्र का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद से प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्यों की प्रमुख जातियां भरत एवं पुरू भी इसी पावन धरा से जुड़ी रही हैं। जिनके सम्मिश्रण से कुरू नामक जाति का आविर्भाव हुआ। कुरूक्षेत्र यानि कुरूओं का क्षेत्र। इसलिए ही इसे कुरूक्षेत्र कहा गया है। वामन पुराण के अनुसार दृषद्वती नदी सरस्वती के साथ-साथ वही नदी है जिसने कुरूक्षेत्र धरा को गरिमा प्रदान की है। इस नदी का प्रवाह मार्ग कौल (कैथल) से होते हुए फल्कीवन (फरल) रहा है। हालांकि वर्तमान समय में दृषद्वती के बहने के मार्ग के अवशेष मात्र शेष हैं, जो फरल गांव के पूर्व दिशा में स्थित हैं। 48 कोस कुरू भूमि हरियाणा के कुरूक्षेत्र, कैथल, करनाल, जीन्द एवं पानीपत जिलों में फैली हुई है। महाभारतानुसार उत्तर-पूर्व में रंतुक यक्ष (बीड़ पीपली के पास) पश्चिम में अरंतुक यक्ष (कैथल में बेहर गांव के पास) दक्षिण-पश्चिम में रामहद यक्ष (जिला जीन्द में रामराय के पास) एवं दक्षिण पूर्व में मचक्रुक यक्ष (जिला पानीपत में शींख के पास) का स्पष्ट वर्णन मिलता है। इस प्रकार इन चार यक्षों द्वारा रक्षित इस आयताकार 48 कोस की भूमि में 360 तीर्थों की उपस्थिति मानी जाती है। कुरूक्षेत्र की पवित्र भूमि प्राचीन काल में घने वनों से आच्छादित थी। वामन पुराण में कुरूक्षेत्र भूमि में स्थित सात वनों का स्पष्ट नामोल्लेख मिलता है। जैसे - काम्यक वन, अदिति वन, व्यास वन, फलकीवन, सूर्यवन वन, मधुवन तथा शीतवन। वामन पुराण के अनुसार इन पुण्यशाली वनों के नाम का उच्चारण करते ही मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं-

*श्रृणु सप्त वनानीह कुरुक्षेत्रस्य मध्यतः।*
*येषां नामानि पुण्यानि सर्वपापहराणि च।*
*काम्यकं च वनं पुण्यं दितिवनं महत्।*
*व्यासस्य च वनं पुण्यं फलकीवनमेव च ।*

कुरूक्षेत्र के सात वनों में प्रसिद्ध फलकीवन में ही फल्गु तीर्थ सुशोभित है। हरियाणा प्रदेश के कैथल जिले के गांव फरल में स्थित यह तीर्थ स्थान कैथल से 25 किलोमीटर, कुरूक्षेत्र से 27 और पेहवा से 20 किलोमीटर ढाण्ड-पूण्डरी मार्ग पर लगभग दोनों के मध्य स्थित है। फल्गु तीर्थ के कारण ही गांव का नाम भी फरल पड़ा। इस तीर्थ का वर्णन महाभारत, वामन पुराण मत्स्य पुराण तथा नारद पुराण में उपलब्ध होता है। महाभारत वन पर्व में तीर्थ यात्रा प्रसंग के अन्तर्गत इस तीर्थ के महत्व के विषय में स्पष्ट उल्लेख है:

*ततो गच्छेत राजेन्द्र फलकीवनमुत्तमम्।*
*तत्र देवाः सदा राजन् फलकीवनमाश्रिताः।*
तपश्चरन्ति विपुल बहुवर्षसहस्त्रकम्।

अर्थात तत्पश्चात मनुष्य को देवों द्वारा देवताओं ने हजारों वर्षों तक कठोर तपस्या की। बिल्कुल ऐसा ही वामन पुराण में भी उपलब्ध होता है, जहां लिखा है कि तत्पश्चात देवता, गन्धर्व, साध्य एवं ऋषि लोगों को दिव्य निवास वाले उस फलकीवन में जाना चाहिए जहां देव, गन्धर्व, सिद्ध एवं ऋषि सदैव तपस्यारत रहते हैं।

महाभारत के अनुसार इस तीर्थ में स्नान करने एवं देवताओं का तर्पण करने से मनुष्य अग्निष्टोम तथा अतिरात्र यज्ञों के करने से कहीं अधिक श्रेष्ठतर फल को प्राप्त करता है। वामन पुराण में भी लिखा है कि इस तीर्थ में स्नान करने से तथा देवताओं का तर्पण करने से मनुष्य अग्निष्टोम तथा अतिरात्र यज्ञों से भी अधिक फल प्राप्त करता है। वामन पुराण के 36 में अध्याय के श्लोक संख्या 49 और 50 में वर्णित है-

*''सोमक्षये च सम्प्राप्ते सोमस्य च दिन।*
*यः श्राद्ध च मत्यस्तस्य फल पुष्पम्।।*
*गंगायां च यथा श्राद्ध पितृन्प्रीणाति नित्यशः।*
*श्राद्ध च कर्तव्य फल्कीवनमाश्रितैः।।"*

अर्थात ''अमावस्या (सोमक्षय) होने पर सोमवार के दिन जो मनुष्य श्राद्ध करता है, उसे बहुत अधिक पुण्य प्राप्त होता है। फल्कीवन में फल्गु तीर्थ पर किया गया श्राद्ध पितरों को वैसा ही तृप्त और सन्तुष्ट करता है जैसा कि गया जी में किया हुआ श्राद्ध नित्य ही पितृगण (पितरों) को प्रसन्न करता है। फलकीवन (कैथल) स्थित फल्गु तीर्थ के बारे बात करें तो सर्वप्रथम जिस बात का उल्लेख आवश्यक है वह 'श्री फल्गु ऋषि' का जिक्र है। आखिर उनके तप का ही प्रभाव है कि आज यह क्षेत्र प्रसिद्ध है। उनके नाम से ही यह वन फल्कीवन हुआ। ऋषिवर इस वन में तपस्या करते थे। पुराणानुसार एवं लोक किंवदंतियों में कहा जाता है कि उनके तपस्या काल में प्रसिद्ध गया जी तीर्थ बिहार पर गयासुर का राज्य था। गयासुर की यह प्रतिज्ञा थी कि जो उसे युद्ध में पराजित कर देगा उसके साथ वह अपनी तीनों पुत्रियों का विवाह करेगा। उस समय फल्गु तीर्थ यानी फलकी वन में फल्गु ऋषि तपस्या कर रहे थे। गयासुर से त्रस्त लोगों और देवताओं के अनुरोध से जब उन्हें गयासुर की प्रतिज्ञा का पता चला तो गृहस्थ आश्रम को सर्वश्रेष्ठ समझकर वहां गए और शास्त्रार्थ में गयासुर को पराजित करके उसकी तीनों कन्याओं के साथ विवाह कर लिया एवं गृहस्थी बने। दहेज में गयासुर ने गया जी में पितृतृप्ति हेतु किए जाने वाले कार्यों में मिलने वाले फल का वर भी दिया।

इस पावन तीर्थ पर फल्गु ऋषि के मन्दिर के अलावा भी कई सुन्दर मन्दिर हैं। यहां सरोवर के घाट के पास अष्टकोण आधार पर निर्मित 17वीं शताब्दी की मुगल शैली में बना शिव मन्दिर है जो लगभग 30 फुट ऊंचा है। यहां स्थित सरोवर की लम्बाई 800 फुट और चौड़ाई 300 फुट है। मुगल शैली में एक और शिव मन्दिर है जो लगभग 20 फुट ऊंचा है तथा आकार में वर्गाकार है। वर्ग की एक भुजा 9 फुट 6 इंच है। यहीं एक अन्य मन्दिर जो राधा-कृष्ण का भी है जो नागर शैली में बना हुआ है। इसका शिखर शंकु आकार का है। इन सभी उपरोक्त वर्णित मन्दिरों में निर्माण के दौरान लाखौरी ईंटों का इस्तेमाल किया गया है एवं परवर्ती काल में इनका जीर्णोद्धार आधुनिक ईंटों के द्वारा किया गया है। घाट के पास ही एक अत्यन्त प्राचीन वट वृक्ष है जिसे लोग श्रद्धा की दृष्टि से देखते हैं। हाल ही में फल्गु तीर्थ के बीच एक नए मंदिर का निर्माण भी जन सामान्य ने सहयोग और आस्था से किया है। इसके अतिरिक्त फरल से ही कुछ तीर्थ और जुड़े हैं। जैसे गांव फरल से 2 किलोमीटर के सम्पर्क मार्ग द्वारा पणिश्वर तीर्थ पर पहुंचा जा सकता है। यह तीर्थ पवन पुत्र हनुमान से संबंधित है; जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट भी है। महाभारत में इस नाम से किसी तीर्थ का वर्णन प्राप्त नहीं होता, परन्तु महाभारत के अनुशासन पर्व के दसवें अध्याय में पाणिखात के नाम से एक तीर्थ उल्लेख है जिसके बारे में धारणा है कि वही पाणिखात पणिश्वर है। इस तीर्थ में स्नान करने के पुण्य के विषय में कहा गया है कि यहां स्नान करने से मनुष्य को एक हजार गाय दान करने के समान फल मिलता है। आगे कहा गया है कि जो मनुष्य पणिश्वर तीर्थ में पितृ-तर्पण करता है वह राजसूर्य यज्ञ के फल का उपयोग करता है। इस तीर्थ पर वर्तमान में हनुमान जी का भव्य मंदिर है जिसमें बजरंगबली की सुंदर प्रतिमा है। निःसंकोच कहा जा सकता है कि –

*'तीर्थ स्तरन्ति प्रवतो महीरीति, यज्ञकृतः सुकृतो येन यन्ति।'*

मनुष्य तीर्थों के सहारे बड़ी से बड़ी विपत्तियों से तर जाता है। बड़े से बड़े पाप तीर्थ सेवन से समाप्त हो जाते हैं और तीर्थ स्थान करने वाला महान यज्ञ करने वालों के रास्ते से ही स्वर्ग जाता है।

---

कविता | राजपाल सिंह गुलिया



## एक डीलर आग्या रै

एक डीलर आग्या रै, एक डीलर आग्या रै.
म्हारे घेर म्हँ साँझ नै, एक डीलर आग्या रै.
एक डीलर एक डीलर, एक डीलर आग्या रै.

बीच गली म्हँ एक गाड़ी नै, होरण तेज बजाया.
लाम्बी गाड़ी देख बारणै, बाबू भी हर्षाया.
न्यू बोल्या वो बाबू तैं मैं, ऑफर बढ़िया ल्याया.
उसने बाबू के कान म्हँ, कील्ले का रेट बताया
फेर भा सुण कै न बाबू कै, भी जी सा आग्या रै ...

न्यू बोल्या वो इस खेवट का, नम्बर खास नहीं सै.
रेट भतेरे बढ़ लिए ईब, आग्गै आस नहीं सै.
दवा बहम की चाचा चतरू, म्हारे पास नहीं सै
धोखे आले काम क धोरै गंगादास नहीं सै.
फेर हाथ होक्के पै धर कै, कती नेम ठाग्या रै...

भा सुणकै ना मेरा बाबू, फूल्या नहीं समाया.
एक बेच कै पाँच दिवा दूँ, न्यूँ भी वो बहकाया.
टोकन मनी दे कै उसने, ब्याना तुरत लिखाया
भांग कै भाड़ै धरती दे के, भोत घणा पिछताया
फेर म्हारी इस डील म्हँ वो, कई लाख कमाग्या रै...

खेत बेच कै सबके होग्ये, नख्शे हाई - फाई,
माणस गैल्या गाड़ी होग्यी, घर -घर वाई -फाई.
कह गुलिया इब बैरी होग्ये, खुद भाई के भाई,
आपस का रसूख देख ल्यो, होग्या हवा - हवाई
बाबू कहता फिरै घोल कै, वोह मन्नै प्याग्या रै ...

---

कविता | भूपसिंह 'भारती'



## घर-घर म्ह पेड़ लगाओ

पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।
रुदन सुणो ये रो रो कहरे, ना हमनै काट बगाओ।।

धरती का सिंगार करा हम, न्यारी म्हारी माया।
मीठे मीठे फल देवां हम, देवां सीली छाया।
हरा भरा हो घर भाया, जै घर में पौधे लाओ।
पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

बरखा नै हम लेकै आवां, कती करां ना टाला।
मरते-मरते इंधन देवा, सै म्हारा काम निराला।
घर-घर म्ह पेड़ लगाकै, प्रदूषण नै भगाओ।
पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

पीवण नै हम पाणी देते, अन्न देते खाणे को।
ऑक्सीजन पैदा करते, जीवन नै बचाणे को।
जै चाहो सो जीणा तो, म्हारी तादाद बढ़ाओ।
पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

इस दुनिया म्ह सुणलो लोगों, पेड़ ही सच्चे साथी।
हर हालत में साथ निभावै, बणकै देख हिमाती।
कह 'भारती' पौधगिरी की, मिलकै अलख जगाओ।
पर्यावरण बचाणा से तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

रोचक

**फरजाना उर्फ समरु ने करीब 50 वर्षों तक गुड़गांव क्षेत्र पर शासन किया, तब अंग्रेज भी उसकी सैन्य ताकत से खतरा अनुभव करने लगे थे**



# तवायफ से तख्तोताज तक पहुंची थी बेगम समरु

इतिहास | यशपाल गुलिया

**बेगम समरु जनवरी 1836 में निःसन्तान स्वर्ग सिधार गई। उसके बाद अंग्रेजों ने उसकी सभी छावनियों व क्षेत्र को अपने कब्जे में ले लिया। बेगम के बनाए हुए विशाल चर्च व महल सरधना व दिल्ली में आज भी विराजमान हैं।**

बड़ोत कस्बे के समीप कुताना गांव में पैदा होने वाली लड़की फरजाना एक विख्यात शासक बनी थी। उसने लगभग 50 वर्षों तक गुड़गांव क्षेत्र पर शासन किया तथा झाड़सा के पास एक बड़ी छावनी भी बना ली थी। बता दें कि वर्ष 1760 के आसपास फरजाना की विधवा माता गरीबी से तंग आकर दिल्ली आ गई। तब फरजाना की उम्र 8-10 वर्ष थी और उसकी माता पहले दिल्ली में तवायफ रह चुकी थी, जिसको कुताना गांव का असद खां खरीद ले गया था।

दिल्ली पहुंचकर भी वह अपने पुराने पेशे वाले स्थान पर नहीं गई। क्योंकि वह फरजाना को किसी भी सूरत में अपने पुराने पेशे में नहीं डालना चाहती थी। इसलिए दिल्ली पहुंचकर वे दोनों जामा मस्जिद की सीढ़ियों पर ठहर कर भीख तक मांगने लग गई। 20-25 दिनों बाद ही बुखार से ग्रस्त होकर फरजाना की माता की मृत्यु हो गई। तब रोती बिलखती देखकर फरजाना को वहां से गुजरने वाली खानुम जान नामक तवायफ अपने साथ ले गई। जहां फरजाना की माता उसको नहीं ले जाना चाहती थी, भाग्य के करिश्मे से फरजाना वहीं चावड़ी बाजार पहुंच गई। कुछ ही वर्षों में फरजाना नाच गाने में दक्ष हो गई। तभी वर्ष 1765 में भरतपुर शासक जवाहर सिंह ने दिल्ली पर आक्रमण किया था। उसका सेनापति जनरल समरु था जो फरजाना को 5000 रुपये में खानुम जान से खरीद कर अपने साथ भरतपुर ले गया और फरजाना बेगम समरु बन गई तथा आगरा में रहने लग गई। फिर जनरल समरु ने भरतपुर की नौकरी छोड़कर दिल्ली शाही वजीर नजफ खां की नौकरी पकड़ ली। नजफ खां ने बेगम समरु को झज्जर तथा मेरठ के पास सरधना की दो जागीर प्रदान कर दी। वह मूल रूप से ऑस्ट्रीया का निवासी था जो भारत में रोजगार के लिए आया था। बेगम समरु और जनरल समरु का साथ 12-13 वर्षों तक ही रहा क्योंकि वर्ष 1778 में जनरल समरु की मृत्यु हो गई। तब दिल्ली बादशाह ने उसकी दोनों जागीरों को शासक बेगम समरु को प्रदान कर दिया। बेगम समरु ने कुशलतापूर्वक प्रशासनिक कार्यों को सम्भाला तथा झज्जर क्षेत्र पर तीन प्रशासक राय गोपीनाथ, चौधरी साहब सिंह व मजलिस राय को नियुक्त कर दिया और स्वयं सरधना में रहने लग गई। जहां उसने एक विशाल सेना गठित कर ली तथा यूरोपीय सेना अधिकारियों को नियुक्त कर लिया। उल्लेखनीय है कि झज्जर बादशाह अकबर के काल से ही एक शासकीय इकाई बना रहा था जिसके तहत चार परगने झज्जर खास, बेरी-दुबलधन, दादरी तोए और मान्डौठी आते थे। लेकिन बेगम झज्जर की हाकिम केवल सात वर्षों (1778 से 1785 तक) तक ही रही। उसके बाद बादशाह ने बेगम समरु को झाड़सा-बादशाहपुर की जागीर भी दे दी। इसके तहत साढराणा तक के गांव आते थे और गुड़गांव तब तक एक गांव मात्र था। फिर बेगम इतनी शक्तिशाली हो गई कि उसने झाड़सा के पास विशाल सैनिक छावनी ही गठित कर डाली। वर्ष 1803 से दिल्ली पर अंग्रेजों का अधिकार होने पर भी बेगम समरु की दोनों जागीर सरधना व झाड़सा (गुड़गांव) ऐसे ही बनी रही।





बेगम समरु का चित्र तथा उनके द्वारा सरधना में बनवाई गई चर्च जो आज भी विद्यमान है।

बेगम समरु इतनी शक्तिशाली सैन्य ताकत बन गई थी कि अंग्रेजों को उससे खतरा अनुभव होने लग गया था। इसके परिणाम स्वरूप उनको भी झाड़सा से दूर एक नई छावनी बनानी पड़ी जिसको हिदायतपुर छावनी कहा जाता था। इस तरह उस ऐतिहासिक हस्ती बेगम समरु ने वर्ष 1836 तक शासन किया तथा जनवरी 1836 में वह निःसन्तान स्वर्ग सिधार गई। अंग्रेजों ने उसकी सभी छावनियों व क्षेत्र को अपने कब्जे में ले लिया। बेगम के बनाए हुए विशाल चर्च व महल सरधना व दिल्ली में आज भी विराजमान हैं।

---

# समाज को संस्कृति से जोड़ने में कला का अहम योगदान : रवि मोहन

कलाकार | ओ.पी. पाल





हरियाणा की समृद्ध लोक कला एवं संस्कृति की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में विभिन्न विधाओं में कलाकारों की अहम भूमिका है। ऐसे ही कलाकारों में रंगमंच के अभिनेता रवि मोहन भी शामिल है, जिन्होंने बॉलीवुड तक का सफर तय करने के बावजूद अपनी संस्कृति को सर्वोपरि रखते हुए समाज को सकारात्मक संदेश देने के मकसद से अपनी कला को बुलंदियों तक पहुंचाया है। साहित्यिक नाटकों, कहानियों के मंचन और सामाजिक सरोकार के मुद्दों पर अपनी कला के संसार को दिशा देने का प्रयास किया है। अभिनेता, थिएटर निर्देशक और रंगकर्मी रवि मोहन ने अपनी कला के सफर को लेकर कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया, जिससे समाज को अपनी संस्कृति से जोड़े रखने में कला महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

हरियाणा के लोक कलाकार रवि मोहन का जन्म 11 मई 1975 को रास बिहारी और अनीता भारद्वाज के घर में हुआ। उनके परिवार में किसी प्रकार का साहित्य या सांस्कृतिक माहौल तो नहीं था, लेकिन उनके पिता कभी अपनी शादी से पहले कैथल में रामलीला में किरदार करते थे। उनका परिवार 46 साल पहले सफीदों आ गया था। बकौल रवि मोहन, उनकी शिक्षा सरकारी स्कूल से हुई और कॉलेज पास आउट करने के बाद उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आधुनिक इतिहास में एमए की। उसके बाद एमफिल भी की। कला के क्षेत्र में अपनी अभिरुचि के बारे में रवि मोहन ने बताया कि स्कूली शिक्षा के दौरान उन्हें कभी-कभी मंच पर ग्रुप सॉन्ग और छोटे-छोटे अभिनय करने का सौभाग्य मिला। कॉलेज के दौरान उन्हें सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मौका मिला और उनकी कला से उन्हें सम्मान मिला, क्योंकि वह कॉलेज में भी एनसीसी की क्विज कांटेस्ट, गेम सॉन्ग, फैंसी ड्रेस, नाटक, नृत्य और गाना-बजाना जैसी गतिविधि में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते रहे। विश्वविद्यालय में वे सांस्कृतिक गतिविधियों में लोक नृत्य और नाटकों में भागीदारी करते रहे। संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली और नेशनल स्कूल आफ ड्रामा फैकल्टी के विशेषज्ञों के सानिध्य में उन्होंने साल 2002 और 2003 में रंगमंच की कार्यशालाओं से प्रशिक्षण लिया और दो माह के अल्पकाल में रंगमच की बारीकियों को जाना। इससे वह रंगमंच की तरफ आकर्षित होकर रंगकर्मी के रूप में अपनी कला को आगे बढ़ाने लगे। करीब 28 वर्षों से रंगमंच से जुड़कर करीब 50 नाटकों का निर्देशन किया है, जबकि 15 नाटकों में अभिनय करने के अलावा कुछ वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी किरदार किया। उन्हें हरियाणा की तरफ से राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में बतौर निर्देशक के रूप में भी काम करने का मौका मिला। उन्होंने 2003 में राज कला मंच नामक खुद की एक नाटक एनजीओ का पंजीकरण कराया और इस मंच से अब तक 14 राष्ट्रीय नाटक उत्सव चैनल थिएटर के नाम से आयोजित किए हैं। साल 2007 से 2010 के दौरान कुछ समय वे मुंबई भी रहे।

### पुरस्कार एवं सम्मान

अभिनेता एवं कलाकार रवि मोहन को वर्ष 2000 में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ लोक नर्तक एवं सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। वहीं इसी वर्ष के दौरान उन्हें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय कलर से सम्मानित किया गया। जबकि वर्ष 2007 में राष्ट्रीय स्तर पर निर्देशन के लिए स्वर्ण पदक से नवाजा गया। इसके अलावा उन्हें हरियाणा में रंगमंच प्रोत्साहन के लिए राज्यपाल पुरस्कार, रंगमंच और सांस्कृतिक गतिविधियों में अनुकरणीय समर्पण के लिए रोटरी वोकेशनल पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार जैसे सैकड़ो पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

### अभिनय से संजोया हरियाणा

अभिनेता एवं रंगकर्मी रवि मोहन ने नेशनल चैनल डीडी-1 पर एक और कहानी, डीडी-हिसार के लिए सबरंग, सोनी टीवी पर क्राइम पेट्रोल एवं जिंदगी के क्रॉस रोड के अलावा एमएक्स प्लेयर पर कैंपस डायरी, स्टेज ऐप पर मेरे यार की शादी है और ब्रॉडलाइन एरोप्लान (फेदर फिल्म) में विभिन्न किरदार निभाए हैं। उन्होंने दूसरा आदमी दूसरी औरत और एक शाम कहानियों के नाम, धीमा जहर, हरियाणा के क्रांतिवीर, मैकबेथ, नागमंडल, मारिया फरार, रेजांग-ला द लास्ट वार, अंधा युग, मैं कहानी हूं, कनुप्रिया, छाया के बिना आदमी के अलावा भारत के विभिन्न राज्यों में विभिन्न राष्ट्रीय रंगमंच समारोहों में अपनी कला से अहम योगदान दिया। इसके अलावा उन्होंने हरियाणा के जिलों के शिक्षण संस्थानों और विभिन्न ड्रामा स्कूलों में अभिनय और डिजाइनिंग के लिए विजिटिंग फैकल्टी के लिए भी अपनी कला का प्रदर्शन किया है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट करने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** भूना पुलिस ने जुआरियों को पकडऩे गई पुलिस टीम के साथ लड़ाई झगड़ा कर सरकारी ड्यूटी में बाधा पहुंचाने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है। पकड़े गए युवक की पहचान पवन कुमार उर्फ दाऊद पुत्र साधुराम निवासी ढाणी गोपाल के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस सुभाष चन्द्र उर्फ चानी पुत्र रामचन्द्र निवासी फुलां हाल ढाणी गोपाल को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना भूना प्रभारी इंस्पैक्टर सुरेन्द्रा ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 10 जनवरी को थाना भूना के ईएसआई रणधीर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### वाहन चोरी के मामले में युवक काबू, भेजा जेल

**फतेहाबाद।** एसपी सिद्धांत जैन द्वारा वाहन चोरों की धरपकड़ को लेकर दिए गए निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान लेखराज उर्फ गोपू पुत्र बलविन्द्र निवासी जाखल के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर हिसार जेल भेजा गया है। थाना सदर टोहाना प्रभारी एसआई शादीराम ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 10 मार्च को गांव अमानी निवासी जगसीर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी गांव के बस स्टैण्ड पर टायर पेंचर की दुकान है। उसने अपने मोटरसाइकिल को दुकान के आगे खड़ा किया और गुरूद्वारे में चला गया। जब वह गुरूद्वारे से वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल चोरी हो गया था। इस मामले में सदर टोहाना पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच अधिकारी ने आरोपी बारे अहम सुराग जुटाते हुए उसे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

### आर्यसमाज संस्थान में हवन यज आयोजित

**सिरसा।** उपासना के तीन अंग हैं, स्तुति, उपासना, प्रार्थना। इसी प्रकार गायत्री मंत्र को भी तीन भागों में बांटा गया है, प्रथम में स्तुति, द्वितीय में उपासना व तृतीय में प्रार्थना। वेद में कुल 20416 मंत्र हैं किसी में उपासना, किसी में स्तुति, किसी में प्रार्थना। ठीक इसी प्रकार किसी में भौतिक विज्ञान, किसी में मनोविज्ञान व किसी में आध्यात्मिक विज्ञान है लेकिन गायत्री मंत्र ही एक ऐसा मंत्र है जिसमें पूजा/उपासना करने की तीन विधियां मौजूद हैं। ये विचार बेगू रोड स्थित आर्य समाज के कार्यकारी प्रधान भूप सिंह गहलोत ने साप्ताहिक हवन यज व वैदिक सत्संग के अवसर पर व्यक्त किए।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक गिरफ्तार

**हांसी।** एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस टीम ने ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सिसाय पुल निवासी अजय उर्फ गली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने दो मई को सायं करीब 6 बजे रूद्र फिटनेस जिम हांसी के सामने से मोटरसाइकिल चोरी किया था। एंटी व्हीकल थेफ्ट हांसी पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर लिया है।

## पंजाब के साथ पानी को लेकर विवाद जल्द ही सुलझाया जाएगा : सांसद बराला

# हरियाणा की पौने 3 करोड़ जनता को मिलना चाहिए हिस्से का पानी : सांसद

- सुभाष बराला ने परशुराम मंदिर में पूजा-अर्चना कर हवन यज्ञ में दी आहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि पंजाब के साथ पानी को लेकर चल रहा विवाद जल्द ही सुलझा लिया जाएगा। केन्द्र और प्रदेश सरकार इस मामले को सुलझाने के लिए पूरा प्रयास कर रही है। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रविवार को जाखल के भगवान परशुराम मंदिर के मूर्ति स्थापना के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में पहुंचे सुभाष बराला ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर हवन यज्ञ में आहुति अर्पित की। भगवान परशुराम मंदिर, जो कि लक्ष्मी राई मिल्स के पास मास्टर कॉलोनी जाखल में स्थित है, का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इस शुभ अवसर पर भगवान श्री परशुराम ब्राह्मण सभा एवं नगर निवासी जाखल द्वारा भव्य मूर्ति स्थापना एवं भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद ने मंदिर के लिए 11 लाख रुपये सांसद कोष से देने की भी घोषणा की। पत्रकारों से बातचीत में सांसद बराला ने कहा कि हरियाणा की पौने 3 करोड़ जनता की प्यास बुझाने के लिए राज्य को उसका पानी का हिस्सा मिलना चाहिए। साथ ही अतिरिक्त पानी की जरूरत पर भी व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हरियाणा अपने हिस्से से ज्यादा नहीं मांग रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हुई सर्वदलीय बैठक का जिक्र करते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि जल्द ही इस मुद्दे का समाधान होगा। पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर बोलते हुए बराला ने कहा कि भारतीय सेना दुनिया की सबसे सशक्त सेना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंकवादियों और उनके समर्थकों को दुनिया के किसी भी कोने में छोड़ा नहीं जाएगा। सेना पहले भी आतंकियों को जवाब दे चुकी है और वर्तमान घटना का भी उचित समय पर करारा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई के लिए सेना, सरकार और देश की जनता तैयार है।



**फतेहाबाद।** जाखल में भगवान परशुराम मंदिर में पूजा अर्चना करते सांसद सुभाष बराला।

### भगवान परशुराम संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सुभाष बराला ने कहा कि भगवान परशुराम केवल एक वर्ग विशेष के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक हैं। उन्होंने समाज में अन्याय, अधर्म और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करते हुए धर्म की स्थापना की। आज की पीढ़ी को भगवान परशुराम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। वर्तमान सरकार महापुरुषों की जयंती को राज्यस्तरीय स्तर पर मना रही हैं, जिससे नई पीढ़ी को अपने इतिहास, संस्कृति और मूल्यों से जोडऩे का अवसर मिल रहा है। यह एक सराहनीय पहल है, जिससे युवाओं में राष्ट्रीय चेतना और संस्कारों का विकास होगा। महापुरुष किसी एक जाति, वर्ग या समुदाय के नहीं होते, वे पूरे समाज के होते हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज में समरसता, एकता और प्रेरणा का संचार होता है। उन्होंने मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले सभी श्रद्धालुओं, दानदाताओं और आयोजकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष किरण शर्मा, वेद जांगड़ा, लाली चूहड़पुर, सरदारी लाल, हरमेश शर्मा, अरुण गुप्ता, महेश शर्मा, आशीष गर्ग आदि मौजूद रहे।



**सिरसा।** शिविर में जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

## दिव्य योग संस्थान मंदिर में नाड़ी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**शिविर में डा. दीपिका शर्मा व डा. गौरव कुमार ने 40 से अधिक नागरिकों की नाड़ी जांच कर उन्हें विभिन्न रोगों के लिए आयुर्वेदिक परामर्श और औषधियां प्रदान की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

दिव्य योग संस्थान मंदिर समिति सिरसा द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं निःशुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डा. दीपिका शर्मा व डा. गौरव कुमार द्वारा 40 से अधिक नागरिकों की नाड़ी जांच कर उन्हें विभिन्न रोगों के लिए आयुर्वेदिक परामर्श और औषधियाँ प्रदान की गईं।

इस विशेष शिविर में मुख्य रूप से पेट, त्वचा, जोड़ों के दर्द, मधुमेह, रक्तचाप एवं अन्य पुरानी बीमारियों से पीड़ित नागरिकों को प्राथमिकता दी गई। शिविर में औषधीय सेवा के साथ-साथ योग एवं ध्यान योग पर भी जानकारी दी गई, जिससे मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को लाभ पहुंचे।

### योग से स्वस्थ रहने पर की चर्चा

स्वास्थ्य लाभ लेने आए नागरिकों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की मांग की। आयोजक संस्था के प्रधान दीनानाथ, महामंत्री ज्ञानचंद व अधिवक्ता चिराग मेहता ने बताया कि आने वाले समय में ऐसे और शिविर लगाए जाएंगे ताकि आमजन को आयुर्वेद की चमत्कारी चिकित्सा पद्धति का लाभ मिल सके। शिविर में खानपान को बेहतर बनाने और योग के माध्यम से स्वस्थ रहने पर भी चर्चा की गयी। चिकित्सों ने दवाइयों से मिलने वाले लाभ के बारे में भी जानकारी दी।

## पब्लिक हेल्थ विभाग जल्द डाले सीवरेज लाइनः सोनी

**कोर्ट कॉलोनी वाले फाटक पर बनाए जाने वाले अंडरब्रिज के निर्माण में हो रही देरी**

- बार-बार फाटक बंद होने से लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

कोर्ट कॉलोनी वाले फाटक पर बनाए जाने वाले अंडरब्रिज के निर्माण में पब्लिक हैल्थ विभाग द्वारा डाली जाने वाली सीवरेज पाइप लाइन के कारण देरी हो रही है। सीनियर सिटीजन मनोहरलाल सोनी ने बताया कि सिरसा में एक ही ओवरब्रिज है, जबकि यहां 26 सवारी ट्रेनों के अलावा मालगाड़ी व पेट्रोलियम गाड़ियों का संचालन होता है, जिसके चलते बार-बार फाटक बंद करना पड़ता है और लोगों को काफी परेशानियों से दो-चार होना पड़ता है। कई बार गाड़ियों की क्रॉसिंग भी होती है, जिससे स्थिति और भी विकट हो जाती है। सोनी ने बताया कि इसी परेशानी को देखते हुए कोर्ट कॉलोनी फाटक पर अंडरब्रिज का निर्माण किया जाना है। पब्लिक हैल्थ विभाग की ओर से नई सीवरेज लाइन डाली जानी है, जिसके लिए वे पब्लिक हैल्थ विभाग से लगातार संपर्क कर रहे हैं, ताकि निर्माण कार्य में देरी न हो। सीवरेज लाइन के बिना निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि सीवरेज लाइन डलवाने के लिए वे लगातार अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने पब्लिक हैल्थ विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया कि वे जल्द से जल्द सीवरेज लाइन का काम पूरा करें, ताकि अंडरब्रिज के निर्माण कार्य का रास्ता साफ हो सके।

## भाजपा चोपटा मंडल की कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

भाजपा चोपटा मंडल की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नई कार्यकारिणी में गांव दडबा कलां निवासी विनोद यादव को महामंत्री बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक में जिला प्रवक्ता निकू राम फौजी और मंडल अध्यक्ष संदीप सहारण ने फूल मालाएं पहनाकर सभी पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी के लिए काम करने और संगठन को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला अध्यक्ष एडवोकेट यतींद्र सिंह ने कहा कि मंडल की नई कार्यकारिणी को पार्टी के सिद्धांतों और नीतियों के अनुसार काम करना होगा। उन्होंने कहा कि मंडल की कार्यकारिणी को जनहित के मुद्दों पर काम करना होगा और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना होगा।

मंडल अध्यक्ष संदीप सहारण ने कहा कि मंडल की कार्यकारिणी को मजबूत करने और पार्टी के लिए काम करने के लिए सभी पदाधिकारियों को एकजुट होना होगा।

उन्होंने कहा कि मंडल की कार्यकारिणी को जनहित के मुद्दों पर काम करना होगा और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना होगा। बीजेपी के जिला प्रवक्ता निकू राम फौजी ने कहा कि मंडल की नई कार्यकारिणी को पार्टी के सिद्धांतों और नीतियों के अनुसार काम करना होगा। उन्होंने कहा कि मंडल की कार्यकारिणी को मजबूत करने और पार्टी के लिए काम करने के लिए सभी पदाधिकारियों को एकजुट होना होगा।



**सिरसा।** नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## श्री दुर्गा भजन मंडल व सालासर यात्रा संघ ओढ़ा ने मासिक अष्टमी व भंडारे को लेकर निकाली यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढ़ा

श्री दुर्गा भजन मंडल व सालासर यात्रा संघ ओढ़ा की ओर गांववासियों के सहयोग से गांव में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा एकता नगर, अस्पताल रोड, बाबा रामदेव मंदिर के पीछे गलियां, कालांवाली कैंचिया, नैशनल हाइवे, गुरुद्वारा मार्केट, जलालआना रोड, गौशाला रोड, रामबाग रोड, नायक धर्मशाला व मुख्य गलियों से होते हुए दुर्गा मंदिर में वापस पहुंची। प्रवक्ता सतीश गर्ग ने बताया कि 10 मई को सुबह एक बस ओढ़ा से माता चिंतापूर्णि व ज्वाला जी के लिए रवाना होगी और माता रानी के दर्शनों के बाद 11 मई की रात को वापस आएगी।

शोभा यात्रा के दौरान श्री दुर्गा भजन मंडल के प्रवक्ता सतीश गर्ग ने बताया कि मान्यता के अनुसार अष्टमी तिथि विशेष रूप से फलदायी मानी जाती हैं। अष्टमी के दिन ही माता दुर्गा ने चंड-मुंड नामक दैत्यों का वध किया था। वहीं अष्टमी के दिन व्रत रखने और माता की आराधना करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर श्री सालासर यात्रा संघ के प्रधान हरिराम गोयल, सतीश गर्ग, धर्मेंद्र सिंह रत्ती, बुगती खुराना रतन लाल गर्ग, राकेश गर्ग, हैप्पी, पुजारी प्रवीण शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



**ओढ़ा।** शोभायात्रा के दौरान प्रसाद वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## डबवाली पुलिस उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी लगवाएंः पुलिस अधीक्षक

***अपराध की रोकथाम के लिए आमजन से की अपील***

- थाना प्रभरियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

डबवाली की पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने जिला में अपराधों की रोकथाम व असामाजिक तत्वों पर निगरानी के लिए आमजन से सीसीटीवी कैमरा लगवाने की अपील की है।

उन्होंने थाना प्रभारियों को भी निर्देश दिए कि वे अपने -2 अधीन क्षेत्र में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे बारे जानकारी का रिकार्ड रखें। उन्होंने कहा कि जब भी कोई अपराध घटित होता है तो सबसे पहले पुलिस अपराधियों का पता लगाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर सीसीटीवी फुटेज की सहायता ली जाती है ताकि समय अनुसार अपराधियों का पता लगाकर उन पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज के समय में अपराधों की रोकथाम और अपराध अन्वेषण एवं छान-बीन के लिए नवीन तकनीकी का उपयोग सबसे ज्यादा कारगर साबित हो रहा है। सीसीटीवी कैमरा लगने के कारण असामाजिक तत्वों पर भी खौफ बना रहता है। पुलिस अधीक्षक नें आमजन से अपील की कि अपराध को रोकने के लिए सभी सतर्क रहना चाहिए और सीसीटीवी कैमरा लगाकर पुलिस का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता का सहयोग मिलने पर पुलिस हर अपराध पर अंकुश लगा सकती है। आम जनता पुलिस के बीच आपसी तालमेल से कार्य करने पर कोई अपराधी पुलिस की नजर से बच नही सकता। उन्होंने बताया कि कुछ स्थानों पर अपराधी वारदात को अंजाम देने के बाद सीसीटीवी कैमरे के साथ तोड़फोड़ करके भाग जाते है जिसके कारण घटना की जांच अपराधियों तक पहुंचने में पुलिस को दिक्कत होती है। इस संबध में सभी दुकानदारों से अपील है कि वे कम से कम दो कैमरे दुकान के बाहर जरुर लगावाये जिससे रोड पर होने वाली गतिविधियों एवं संदिग्धों पर नजर रखी जा सके। उन्होंने कहा कि हो सके तो आमजन को उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरा लगवाने चाहिए। कई बार यह देखने को मिला है कि संदिग्ध तो दिख रहे हैं किंतु तस्वीर क्वालिटी अच्छी नहीं होने के कारण उन्हें पहचानने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

**साइबर अपराध**

## क्रेडिट कार्ड से निकाले 80 हजार रुपये, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे है। जिले के एक युवक के साथ क्रेडिट कार्ड के जरिए साइबर फ्रॉड करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने बिना न ओटीपी के 80 हजार 103 रुपए निकाल लिए। युवक की शिकायत के आधार पर साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने धोखाधड़ी बारे केस दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस को दी शिकायत में गांव जमालपुर शेखां निवासी अनु पुत्र अशोक कुमार ने बताया कि वह नोएडा में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। उसके पास इंडसइंड बैंक का क्रेडिट कार्ड है। 24 दिसंबर 2014 को उसके मोबाइल पर क्रेडिट कार्ड से 80 हजार 103 रुपए कटने का मैसेज आया।

अनु ने कहा कि उसने न तो किसी के साथ कोई ओटीपी साझा किया था और न ही क्रेडिट कार्ड से कोई ट्रांजैक्शन की। उसने अपना क्रेडिट कार्ड संभाला तो वह उसके पास नहीं था। उसके मुताबिक, क्रेडिट कार्ड कहीं गुम हो गया। इसके बाद उसने 5 जनवरी 2025 को क्रेडिट कार्ड के गुम होने बारे रिपोर्ट दर्ज करवाई। उसके साथ साइबर फ्रॉड करके 80 हजार 103 रुपए की चपत लगाई गई है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर से सरसों व गेहूं के बैग चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव खारिया में एक व्यक्ति के घर से 17 बैग गेहूं व 3 बैग सरसों के चोरी हो गए हैं। पुलिस को दी शिकायत में राजबीर ने बताया कि उसका मकान जोधपुरिया रोड पर स्थित है और मकान के चारदीवारी नहीं है। उसने बताया कि फसल निकालकर उसने गेहूं के 17 और सरसों के 3 बैग घर के आंगन में रखे थे।

बीती 2 मई की रात को परिवार के लोग खाना खाकर सो गए। देर रात को चोर घर से गेहूं व सरसों के बैग चोरी कर ले गए। सुबह उन्हें घटना के बारे में पता चला। उसने अपने स्तर पर आस पड़ोस के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन सामान का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

**धर्म-कर्म** | डेरा जगमालवाली में मासिक सत्संग का आयोजन

## दुनिया सपने की तरह, नहीं किसी का पक्का ठिकानाः संत बिरेन्द्र सिंह

**भगवान श्री राम, पीर पैगम्बर से लेकर रावण तक सब इस दुनिया से चले गए**

- सही रास्ते के चयन के लिए हमारी आस्था और श्रद्धा का सही होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालांवाली

मस्ताना शाह बलोचिस्तानी आश्रम डेरा जगमालवाली के संत बीरेन्द्र सिंह ने कहा है कि ये दुनिया किसी का भी पक्का ठिकाना नहीं है। भगवान श्री राम, पीर पैगम्बर से लेकर रावण तक सब इस दुनिया से चले गए हैं मालिक के घर से जब बुलावा आता है तो इस दुनिया को छोड़कर जाना ही पड़ता है। डेरा जगमालवाली में मासिक सत्संग के दौरान रविवार को संत बिरेन्द्र सिंह ने फरमाया कि हम सब पराये देश में बैठे हैं और सारे ही मुसाफिर हैं। एक-एक दिन करके मौत के नजदीक जा रहें हैं, इस सच्चाई को अगर हम दिल में बैठा ले तो आधी चिंताए और टेंशन कम हो जाती हैं। हम सब यहां बाहर का धन जोडऩे में लगे रहते हैं, असली धन नहीं जोड़ते। धन-दौलत अंत समय में काम नहीं आती, सिर्फ नाम की कमाई ही काम आती है।

उन्होंने कहा कि सतगुरु संतों के रूप में यहां भी मदद करता है और आगे मालिक की दरगाह में भी मदद करता है। सतगुरु के नाम के बिना सब व्यर्थ है। हम सब बाहर का जो काम कर रहे हैं वो तो पांचों चोर (काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार) का काम है। ये चोर हमें धोखे में रखकर अपना काम निकलवा रहे हैं और हमारी स्वांस रुपी पूंजी को खा रहे हैं, लेकिन इस ओर हमारा ध्यान ही नहीं है।

हमें यह विचार करना चाहिए कि हम इस जीवन में कौन सा व्यापार कर रहे हैं। हम सब झूठ का व्यापार करने में लगे पड़े हैं। असली व्यापार तो सिमरन करना, बंदगी करना है। हमें सत्संग जरूर सुनना चाहिए। मन हमें विचलित करता है और सत्संग से दूर करता है। बिना संतों के, बिना बंदगी के, बिना सिमरन के छुटकारा नहीं है। सारे काम सिमरन से बनने हैं। यदि हम सही रास्ते का चयन कर ले तो एक दिन हम अपनी मंजिल तक जरूर पहुंच जाएंगे और इसके लिए हमारी आस्था और श्रद्धा का सही होना बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि सत्संगियों को चाहिए कि क्रोध को कम करने की कोशिश करें। इस दुनिया में जितनी भी लड़ाई, झगडे हो रहे हैं ये सब क्रोध पैदा कर रहा हैं। प्रेम के बिना जीवन नीरस है, चाहे आप बड़ी हवेली में रहते हो, चाहे आपके पास सुख के सारे साधन हो, लेकिन अगर प्रेम नहीं तो वो सारी चीजें फीकी लगती है।



**सिरसा।** डेरा जगमालवाली में सत्संग करते संत बीरेंद्र सिंह तथा उपस्थित श्रद्धालु।

## खबर संक्षेप

### सामान चुराने के मामले में दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अपराधियों की धरपकड़ करते हुए सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक खेत से हजारों का सामान चोरी करने के मामले में दो युवकों को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है। काबू किए गए युवकों की पहचान सुरेन्द्र कुमार पुत्र रोशन लाल व विक्रम पुत्र कृष्ण कुमार निवासी खैरां कलां, जिला मानसा के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर कुलदीप ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 23 फरवरी को गांव शहीदांवाली निवासी संदीप कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके खेत में घुसकर अज्ञात चोर रात को सोलर मोटर का स्टार्टर, करीब 100 फुट केबल, सोलर मोटर व पंखा चोरी कर ले गया है। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच अधिकारी ने आरोपियों बारे अहम सुराग जुटाते हुए दो युवकों को काबू कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मारपीट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने घर में घुसकर एक युवक पर हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी को काबू किया है। पकड़े गए युवक की पहचान गगनदीप उर्फ गगनी पुत्र रामफल निवासी वार्ड नं. 6, रतिया के रूप में हुई है। आरोपी को जमानत पर रिहा किया गया है। इस मामले में एक आरोपी कामदेव पुत्र दलीप कुमार निवासी वार्ड नं. 4, रतिया को पुलिस पहले ही काबू कर चुकी है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 19 अप्रैल को अमरजीत सिंह उर्फ रोहित निवासी वार्ड नं. 3, रतिया की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी डुप्पा नामक युवक से कहासुनी हुई थी। इसके बाद डुप्पा अपने साथियों के साथ उसके घर आया और उस पर गंडासे से हमला कर घायल कर दिया। बाद में हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इस मामले में रतिया पुलिस ने केस दर्ज कर दूसरे युवक को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है।

### झगड़े के आरोप में नाबालिग काबू

**फतेहाबाद।** भूना पुलिस ने दो छात्रों के बीच हुए लड़ाई झगड़े के मामले में कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग छात्र को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है। मिली जानकारी के अनुसार इस बारे पुलिस ने 21 अप्रैल को गांव घोटडू निवासी छात्र वेदप्रकाश की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह हसंगा स्कूल में 10वीं में पढ़ता है। आधी छुट्टी के समय उसकी 9वीं के छात्र के साथ कहासुनी हो गई थी। छुट्टी के बाद जब वह स्कूल वैन से गांव घोटडू फिरनी रोड पर उतरा को उक्त छात्र अपने दो साथियों के साथ आया और उस पर लकड़ी के बिन्डों से हमला कर घायल कर दिया। इस मामले में भूना पुलिस ने केस दर्ज कर नाबालिग छात्र को शामिल तफ्तीश कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पेयजल की बर्बादी रोकने को जनस्वास्थ्य विभाग अलर्ट

# बर्फ फैक्ट्री व सर्विस स्टेशनों पर पानी का दुरुपयोग करने पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** भट्टूकलां में पानी की बर्बादी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

पेयजल की बर्बादी रोकने को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत विभाग की टीम रविवार को भट्टूकलां पहुंची। इस दौरान टीम ने डोर टू डोर सर्वे में अनेक जगह पेयजल पर सर्विस स्टेशन, हरा चारा व सब्जी लगा रखी थी। इस पर टीम ने इन लोगों के कनैक्शन काटे गए वहीं हजारों रुपये का जुर्माना भी किया गया है।

जनस्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद के जिला सलाहाकार शर्माचंद लाली ने बताया कि उपयुक्त मनदीप कौर के आदेशों की अनुपालन में करणवीर सिंह कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग फतेहाबाद के आदेशानुसार आम जन तक पीने का पानी पहुंचने की लिए व पीने की पानी की बर्बादी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान जिले के सभी शहरों में विभाग द्वारा टीम लगाकर घर घर सर्वे करवाया जा रहा है। इस दौरान जिसने भी पीने के पानी पर सर्विस स्टेशन, हरा चारा सब्जी लगा रखी है, उनके कनेक्शन तुंरत प्रभाव से काटे जा रहें हैं। इसके साथ विभाग उनकी सूची भी तैयार कर रहा है जिनके बिल बकाया है, उनको भी नोटिस दिया जाएगा यदि फिर भी बिल का भुगतान नहीं करते हैं तो उनके भी कनेक्शन काटे जाएंगे। इस भट्टूकलां में अभियान के दौरान पेयजल पर सर्विस स्टेशन व हरा सब्जी, चारा लगाने पर दर्जनों लोगों को जुर्माना किया गया। टीम ने मनदीप सिंह को 8250 रुपये, कृष्ण कुमार बागड़ी पर 3750 रुपये, सोनू मोटर गैरिज को 45 हजार रुपये, रमेश सोनी को 45 हजार हजार, राधे राधे बस सर्विस पर 15 हजार रुपये, प्रमोद गोयल पर 15 हजार रुपये, सरस्वती फिलिंग स्टेशन पर 15 हजार रुपये, कविता रानी पर 15 हजार रुपये, मंगल सिंह 7500 रुपये, सोमबीर पर 15 हजार रुपये, अग्रवाल इंटर लॉक पर 15 हजार रुपए, गणेश धर्मकांटा पर 15 रुपये, विकास मित्तल, काजल सिंह को 15 हजार रुपये, राजकुमार पर 30 हजार रुपये के अलावा किसान ट्रैक्टर, बाला जी रसगुल्ला, राजकुमार, श्रीबाला जी सर्विस स्टेशन, पवन आयरन स्टोर, सुरेंद्र पुनिया, श्री श्याम सर्विस स्टेशन, भट्टू बर्फ फैक्टरी, धूली मोटर गैरिज, बाबा हाजिर नाथ सर्विस स्टेशन, श्री बाला जी इंटर लॉक, शादी राम को 15-15 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इसके अलावा उनके कनेक्शन तुरंत प्रभाव से काटते हुए सब्जी और हरा चारा को भी उखड़वाया गया। शर्मा चंद लाली ने कहा कि यह अभियान जिले के सभी शहरों व सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा ताकि सभी को स्वच्छ जल मुहैया करवाया जा सके। इस टीम में शमशेर सिंह, राकेश कुमार खंड संयोजक, रामकरण सिंह व अन्य मौजूद रहे।

# शराब के अवैध खुर्दे बंद करवाए सरकार : गिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद



■ हरियाणा सरपंच एसो.के प्रदेशाध्यक्ष गिल बोले

**फतेहाबाद।** सरपंच एसोसिएशन प्रधान रणबीर गिल। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा सरपंच एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर गिल ने प्रदेश में नशे के खिलाफ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा की जा रही पहल की सराहना की है वहीं उन्होंने सीएम को सलाह दी है कि अगर वह वास्तव में प्रदेश से नशे को खत्म करना चाहते हैं तो प्रदेश में अवैध शराब खुर्दों को बंद करवाए। ऐसा करने पर नशे की रोकथाम के जबरदस्त परिणाम आएंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जो नशा बेचता हुआ पाया जाता है, उसका राशन कार्ड भी काट देना चाहिए। प्रदेशाध्यक्ष एवं गांव समैन के सरपंच रणबीर गिल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने नशे के खिलाफ अच्छी पहल की है। अगर सरकार धरातल पर नशा खत्म करना चाहती है, तो अवैध शराब खुर्दों को बंद करवाएं। हरियाणा में 7 हजार गांव है। एक गांव में 10 लोग भी अवैध शराब बेचते हैं, तो पूरे हरियाणा में 70 हजार लोग इसमें संलिप्त हैं। शहर अलग रह गए। इस तरह करीब डेढ़ से दो लाख लोग अवैध रूप से नशे का कारोबार कर रहे हैं। अवैध खुर्दों पर शराब की आड़ में स्मैक, चिट्टा आदि बेचा जाता है। चोरी की शुरुआत भी वहीं होती है। अवैध खुर्दे चलाने वाले बर्तन तक खरीद लेते हैं। जहरीली शराब भी इन खुर्दों पर बिकती है। सरकार अगर चाहती है कि नशा बंद हो तो सबसे पहले इन अवैध खुर्दों को बंद करवाएं। गिल ने कहा कि हमारे गांव समैन में शराब का ठेका बंद है। चार-पांच अवैध शराब खुर्दे वालों की शिकायत कर चुके हैं। मगर पुलिस कहती है कि इनके पास 2-3 बोतल मिलती है। कोई 2 बोतल बेचें तो भी उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। हर सप्ताह पुलिसवालों को रेड करने के लिए कहते हैं। मगर एक महीने से तो कोई रेड ही नहीं कर रहा है। एसएचओ से लेकर डीएसपी तक को कह चुके हैं। नए एसपी से उम्मीद है कि वह नशे पर लगाम लगाएंगे। रणबीर गिल ने कहा कि मुख्यमंत्री को निर्देश जारी करने चाहिए कि पुलिस गांवों में सरपंचों व शहरों में एमसी से अवैध शराब खुर्दों की लिस्ट लें। उस लिस्ट में शामिल लोगों पर सख्त कार्रवाई हो। जो आदमी अवैध रूप से नशा बेचे उसका राशन कार्ड काट देना चाहिए।

# गुरदीप सिंह ने राष्ट्रीय खेलों में जीते चार पदक



**सिरसा।** हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में 20 से 25 अप्रैल तक पांच दिवसीय सातवें राष्ट्रीय मास्टर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सिरसा जिले के गांव अभोली निवासी गुरदीप सिंह ने हरियाणा की ओर से भाग लेते हुए 2 स्वर्ण, 1 रजत व 1 कांस्य पदक जीत कर देश में हरियाणा का गौरव बढ़ाया है। गुरदीप सिंह ने 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में भाग लेते हुए 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ में स्वर्ण, 300 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण व 80 मीटर बाधा दौड़ में रजत, 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में कांस्य पदक पर कब्जा कर गांव के साथ-साथ जिला व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर आयोजनकर्ता संस्था द्वारा गुरदीप सिंह को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। उनकी शानदार उपलब्धि पर क्षेत्र की सभी सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं, राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों, मित्र-बंधु, रिश्तेदारों, ग्रामीणों व आयोजनकर्ताओं ने गोल्ड मेडलिस्ट गुरदीप सिंह को बधाई दी। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गुरदीप सिंह ने युवाओं को खेलों में आगे बढने, नियमित रूप से पौष्टिक व संतुलित भोजन करने का आह्वान किया।

# किसानों को फसलों का लाभकारी मूल्य दे सरकार, नकली बीज और कीटनाशक बेचने वालों पर हो कार्रवाई : सुमित

### कामरेड पृथ्वी सिंह गोरखपुरिया के जन्मदिन पर भूना में परिचर्चा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भूना



**भूना।** पृथ्वी सिंह गोरखपुरिया के जन्मदिन पर कार्यक्रम में भाग लेते किसान सभा सदस्य। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा के प्रख्यात राजनेता, राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी, छात्र आंदोलन के प्रणेता कामरेड पृथ्वी सिंह गोरखपुरिया आज हमारे बीच नहीं है। 40 वर्ष से ज्यादा समय तक शोषितों के हकों के लिए संघर्ष करने वाले महान योद्धा सदैव लोगों के दिल में जीवित रहेंगे।

यह बात अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य सचिव सुमित ने कामरेड पृथ्वी सिंह गोरखपुरिया के जन्मदिन पर शहीद चन्द्रशेखर आजाद भवन, भूना में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। 'कृषि संकट और समाधान' विषय पर आयोजित इस परिचर्चा में अनेक वक्ताओं ने भाग लिया और आज के किसानों की समस्याओं पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान सभा के तहसील प्रधान मुंशीराम ने की व संचालन रामस्वरूप ढाणी गोपाल ने किया। कार्यक्रम में मौजूद सदस्यों ने कामरेड पृथ्वी सिंह गोरखपुरिया को याद करते हुए अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य सचिव सुमित ने कामरेड पृथ्वी सिंह के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पक्षों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में आज देश के हालात बद से बदतर हो गए हैं। आम जनता में बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी की समस्याएं गंभीर रूप धारण कर चुकी हैं। यह सरकार किसान और खेती दोनों को बर्बाद करने पर तुली हुई है।

उन्होंने कहा कि आज धड़ल्ले से नकली बीज व दवाईयां मार्किट में बिक रही है लेकिन सरकार उन पर लगाम कसने में नाकाम रही है। उन्होंने सरकार से खाद-बीज पर सबसिडी बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि यदि सरकार किसानों को आर्थिक तौर पर सुदृढ़ बनाना चाहती है तो उन्हें सी2 प्लस 50 फार्मूले के तहत फसलों के लाभकारी दाम दिए गए। उन्हें कर्जामुक्त किया जाए।

# भूखे को अन्न खिलाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी : वीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा



**सिरसा।** चेयरमैन शांति स्वरूप को सम्मानित करते आयोजक।

जय माता दी लंगर सेवा संघ की तरफ से 22वां मासिक भंडारा लगाया गया जिसका शुभारंभ नगर परिषद चेयरमैन वीर शांतिस्वरूप ने किया। चेयरमैन वीर शांतिस्वरूप ने कहा कि भूखे को अन्न प्यासे को पानी देना हमारा नैतिक धर्म है। जितना हम अन्न का दान करेंगे उतना ही हम पुण्य के भागी बनेंगे। उन्होंने कहा कि जब हम योगदान के बदले कुछ भी अपेक्षा नहीं रखते तो वह दान हमारे लिए परोपकारी हो जाता है तथा जब हमारे पास भगवान का दिया हुआ सब कुछ है तो हमें तन-मन-धन से दूसरों की भलाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा ही परमात्मा की सेवा हैं इसलिए प्रभु की प्राप्ति का एकमात्र मार्ग मानवता से प्रेम करना है तथा उनकी भलाई के लिए कार्य करना है और यह प्रेम शुद्ध व निष्काम होना चाहिए तभी हम परमात्मा की बनाई हुई हर वस्तु से प्रेम कर सकते हैं। इस अवसर पर लॉयस क्लब सिरसा अमर के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रमेश साहुवाला ने संस्था के सभी सदस्यों को बधाई दी।

# नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

टोहाना पुलिस ने एक नाबालिग युवती का अपहरण कर बंधक बनाने और रेप का प्रयास करने के मामले में कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान राघव गोयल पुत्र राजेन्द्र मोहन निवासी कुलारां जिला पटियाला, पंजाब के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी ने इंस्पैक्टर प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 1 मई को केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता महिला ने कहा था कि उसकी करीब 16 साल की लडक़ी 10वीं की परीक्षा के बाद चण्डीगढ़ रोड स्थित एक कोचिंग अकैडमी में जाती है। उसकी लडक़ी सुबह कोचिंग सैंटर जाने के लिए जैन समाधि के पास बस की इंतजार में खड़ी थी तभी राघव गोयल जोकि उसकी मौसी का पोता है, वहां आया और अपने साथ चलने को कहा। महिला ने कहा कि इसके बाद उसकी लडक़ी ने जाने से मना किया तो उसने उसके छोटे भाई को जान से मारने की धमकी दी। महिला ने आरोप लगाया कि इसके बाद राघव उसकी लडक़ी को बहला-फुसला कर जबरदस्ती अपने साथ पटियाला के समाना ले गया। वहां उसने अपने दोस्त को कार लेकर बुलाया और समाना के पार्क में उसकी लडक़ी को लाल चूड़ा डलवाकर अपने घर ले गया। वहां उसके परिवार के लोग भी मौजूद थे। वहां राघव ने जबरन उसकी लडक़ी की मांग में सिंदूर भर दिया और मंगलसूत्र पहना दिया।

### नशा तस्करों की धरपकड़, फतेहाबाद और भट्टू से पुलिस ने दो युवकों को हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत पुलिस ने फतेहाबाद व भट्टूकलां से दो युवकों को हेरोइन सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पहले मामले में एवीटी स्टाफ प्रभारी ने बताया कि एवीटी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एसआई वेदपाल के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम को सूचना मिली कि गुरूनानकपुरा मोहल्ला निवासी गुरमीत सिंह पुत्र दीवान चंद नामक युवक अपने घर पर नशीला पदार्थ बेचने का काम करता है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो घर के बाहर खड़ा युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और घर के अंदर जाने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम गुरमीत सिंह बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 7.20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। दूसरे मामले में एएनसी स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब भट्टूकलां रेस्ट हाउस के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी तो इसी दौरान रेलवे स्टेशन की तरफ से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस नाकाबंदी को देखकर घबरा गया और एकदम पीछे मुडक़र तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम सुनील पुत्र सोहन लाल निवासी बालासर जिला सिरसा बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 6.30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना भट्टूकलां में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

# बाइक सवार युवक ने पेट्रोल पंप कारिंदे से छीनी हजारों रुपये की नकदी

**सिरसा।** शहर के बाईपास रोड पर मोटरसाइकिल सवार युवक पता पूछने के बहाने पेट्रोल पंप कारिंदे की जेब से 36790 रुपए की नकदी छीनकर फरार हो भाग गया। पुलिस को दी शिकायत में चत्तरगढ़पट्टी निवासी मदनलाल ने बताया कि वह पेट्रोल पंप पर काम करता है। उसने बताया कि वह नकदी लेकर पंप पर अपने मालिक को देने के लिए जा रहा था। बाईपास रोड पर पर एक मोटरसाइकिल सवार आया, जिसने हेलमेट लगाया हुआ था। उसने सरकारी अस्पताल का पता पूछा। इससे पहले की वह कुछ समझ पाता, बाइक सवार उसके कुर्ते की जेब उखाडक़र बाइक लेकर भाग गया। उसने काफी शोर भी मचाया, लेकिन जब तक आसपास के लोग आते, तब तक वह फरार हो चुका था। उसने किसी तरह मालिक व पुलिस को घटना बाबत सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है। उल्लेखनीय है कि शहर में इसी तरह की यह तीसरी वारदात है। अब से पहले एक वारदात एफ ब्लॉक रोड पर व दूसरी वारदात सिरसा क्लब रोड पर हो चुकी है। पहले हुई दोनों ही वारदातों में भी बाइक सवार युवक पीड़ितों की कुर्ते की जेब पर्स सहित उखाड़ कर ले गया था। दोनों पीड़ितों द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई लेकिन पुलिस अभी तक इन वरदात को सुलझाने में अभी तक नाकाम साबित हुई है।

### पेयजल संकट से निपटने को लेकर बनी रणनीति

**टोहाना।** गर्मी के आगामी मौसम को ध्यान में रखते हुए एसडीएम प्रतीक हुड्डा की अध्यक्षता में बलियाला रेस्ट हाऊस में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और गर्मियों में संभावित पेयजल संकट से निपटने के लिए विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुझाव दिया गया कि गांवों के जलघरों में नहर आधारित प्रणाली के साथ-साथ ग्राम पंचायत स्तर पर ट्यूबवेल का निर्माण भी कराया जाए, ताकि पेयजल की समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। एसडीएम ने निर्देश दिए कि जन स्वास्थ्य विभाग और पंचायत विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए शीघ्र ट्यूबवेल की स्थापना सुनिश्चित करें। जन स्वास्थ्य विभाग ने बताया ट्यूबवेल निर्माण कार्य हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया है। अब ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित कर जल्द से जल्द ट्यूबवेल निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

### पंचकूला प्रदर्शन और देशव्यापी हड़ताल को लेकर अध्यापक संघ ने किया जनसम्पर्क

# पीजीटी अध्यापकों को पुनः ज्वाइनिंग न करवाने पर होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद



शिक्षकों व स्कूलों की समस्याओं को लेकर अध्यापक संघ द्वारा 12 मई को पंचकूला मास डेपुटेशन की तैयारियों और 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर जिलेभर में जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। संघ की जिला स्तरीय व ब्लाक स्तरीय टीमों ने फतेहाबाद, रतिया, भूना, भट्टू, टोहाना व जाखल में जाकर अध्यापकों से इन प्रदर्शनों में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। फतेहाबाद में ब्लॉक प्रधान हरपाल हुडडा, सचिव मुरारी लाल, डॉ. नीतू डूडेजा, उप प्रधान दलवन्ती, कैशियर राजेश गोठडा, राजेश कुमार डीपी, योगेन्द्र सिंह भूथन कलां व जिला प्रधान राजपाल मिताथल ने, रतिया में देवीलाल, रजवंत सिंह, राजेंद्र प्रसाद बाटू, राज्य ऑडिटर सुरजीत दुसाद, हरी सिंह व ब्लॉक सचिव देवेंद्र सिंह ने भट्टू में देशराज माचरा, खंड प्रधान सतपाल ढाका, जयवीर लॉयल ने, भूना में खंड प्रधान दलबीर सिंह, सचिव नरेश कुमार, राजकुमार ने तथा टोहाना व जाखल में विनोद कुमार शिला, राज्य उप महासचिव कृष्ण नैन, राज्य सचिव पूनम कुमारी, राजेन्द्र कुमार व जिला कोषाध्यक्ष जगजीत मुडाही ने स्कूलों का दौरा किया। ऑन लाइन डायरी बन्द हो, सार्वजनिक शिक्षा का विस्तार हो, स्कूल मर्जर पर रोक लगाओ, जिला व खंड स्तर पर बाहरी बस्तियों में स्कूल खोले जाएं। चिराग योजना बन्द हो।

### कौशल रोजगार निगम ने जारी नहीं किए लेटर

अध्यापक संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल, सचिव देसराज माचरा व राज्य आडिटर सुरजीत दुसाद ने बताया कि कौशल रोजगार निगम के तहत लगे अध्यापकोंड्राईंग, पीटीआई व टीजीटी को पुनः उन्हीं विद्यालयों में कार्यग्रहण करने का ज्वाइनिंग लेटर विभाग ने जारी कर दिया है परन्तु सरकार ने कौशल रोजगार निगम में लगे पीजीटी अध्यापकों का अभी तक ज्वाइनिंग लैटर जारी नहीं किया है। उन्होंने बताया कि पीजीटी अध्यापकों का भी शीघ्र पुनः ज्वाइनिंग लेटर जारी किया जाए, अन्यथा अध्यापक संघ आन्दोलन करने को मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि 12 मई को पंचकुला में विरोध प्रदर्शन के दौरान एसीपी रूल 2012 बदलने, सभी अध्यापकों की 8,16,24 की एसीपी लेंथ आफ सर्विस के हिसाब से लगाने की मांग की जाएगी। 2016 से अभी तक जेबीटी अध्यापकों के तबादले नहीं हुए हैं, तबादले शीघ्र किए जाएं।